RAJASTHANI ASSOCIATION TAMILNADU
CHENNAI
EVERY COUNTRY IS MY COUNTRY, EVERY MAN IS MY KINSMAN

தக்ஷின் ராஜஸ்தானி போஸ்ட்

# दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

**राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका**




जुलाई 2023

## राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु

### पदाधिकारीगण 2023–2024

**अध्यक्ष**
मोहनलाल एन. बजाज

**मनोनीत अध्यक्ष**
प्रवीण कुमार टाटिया

**उपाध्यक्ष**
नरेन्द्र श्रीश्रीमाल
अजीतकुमार चोरड़िया
ज्ञानचंद आंचलिया
विजय गोयल

**महामंत्री**
देवराज आच्छा

**सहमंत्री**
अजय कुमार नाहर
ज्ञानचंद कोठारी
जगदीश प्रसाद पोरवाल

**कोषाध्यक्ष**
गौतमचंद डागा

**सह-कोषाध्यक्ष**
अशोक कुमार लखोटिया



# दक्षिण राजस्थानी पोस्ट

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की संवाहक पत्रिका

वर्ष : 54 | अंक : 7 | जुलाई 2023

**मुख्य संपादक**
रमेश गुप्त नीरद

**चेयरमेन**
चंद्रप्रकाश मालपानी

**को-चेयरमेन**
राजकुमार एच. कोठारी

शब्द संयोजन : विवेक अग्रवाल



प्रकाशन एवं संपर्क कार्यालय :

**राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु**
गोल्डन कॉम्पलेक्स, चौथा माला,
128, एन.एस.सी. बोस रोड़,
साहुकारपेट, चेन्नई - 600079.
दूरभाष : 044-25360496, 25392438
E-mail : drp.rajasthaniassn@gmail.com
Website www.rajasthaniassntn.in


**इस अंक की विशेषता :**

**जहाँ-जहाँ यह चिह्न है उन पर आप क्लिक कर के वह वीडियो देख-सुन सकते हैं**



# एक देश-एक कानून

आजकल सूचना प्रसारण माध्यमों एवं जन-जन में चर्चा का विषय है - 'समान नागरिक संहिता' अर्थात यूनिफार्म सिविल कोड। क्या है यह समान नागरिक संहिता? सामाजिक मामलों में एकरूपता लाने के लिए यह एक प्रस्तावित कानून है जिसके अन्तर्गत् सभी पंथ के लोगों के लिए विवाह, तलाक, विरासत व बच्चा गोद लेने, भरण-पोषण आदि में समान कानून लागू होंगे। वह किसी भी पंथ, जाति के निजी कानूनों से ऊपर होगा। भारत के सभी नागरिकों पर उनके धर्म, लिंग और यौन अभिरुचि की परवाह किए बिना यह समान रूप से लागू होगा।

**सामाजिक मामलों में एकरूपता लाने के लिए यह एक प्रस्तावित कानून है**

वर्तमान में विभिन्न समुदायों के व्यक्तिगत कानून, उनके धार्मिक ग्रंथों द्वारा शासित होते हैं। समान नागरिक संहिता का उल्लेख भारतीय संविधान के भाग-4 के अनुच्छेद 44 में है, किंतु किन्हीं कारणोंवश भारत की सरकारें इसे लागू नहीं करा पाई। अब भारत के उच्चतम् न्यायालय का आदेश है कि इसे शीघ्रातिशीघ्र लागू किया जाए।

स्वतंत्रता के इतने वर्षों बाद भी जनसंख्या का एक बड़ा वर्ग अपने मूलभूत अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। प्रत्येक संस्कृति और सभ्यता के मूलभूत नियमों के तहत महिलाओं और पुरुषों को समान अधिकार प्राप्त होता है, लेकिन समय के साथ इन

नियमों के गलत उपयोग से असमानता उत्पन्न कर दी जाती है।


संभावित लाभ : इस कानून के लागू होने से भारत की महिलाओं की स्थिति में सुधार आएगा। देश के राजनीतिक दल वोट बैंक वाली राजनीति नहीं कर पाएँगे। अलग-अलग धर्मों के अलग कानून से न्यायपालिका पर जो बोझ पड़ता है, उनसे निजात मिलेगी। सभी के लिए कानून में एक समानता से देश में एकता बढ़ेगी। अभी कुछ धर्मों के पर्सनल लॉ में महिलाओं के अधिकार सीमित हैं - उनमे समानता आएगी। महिलाओं का अपने पिता की संपत्ति पर अधिकार और गोद लेने जैसे मामलों में भी एक समान नियम लागू होंगे।

**सभी के लिए कानून में एक समानता से देश में एकता बढ़ेगी।**

हॉल ही में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के बयान पश्चात् इस मुद्दे पर देशभर में बहस छिड़ गई है। सभी राजनीतिक दल अपने नफे-नुकसान का हिसाब कर अपनी-अपनी राय दे रहे हैं। दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चलेगा? तुष्टिकरण और वोट-बैंक की राजनीति के बजाए संतुष्टिकरण के रास्ते ही देश चलेगा।

समान नागरिक संहिता अर्थात् एक देश-एक कानून। देश में सभी धर्मों के लिए वही कानून होगा जिसे भारतीय संसद द्वारा पारित किया जाएगा।

तो आइए, देश, समाज और नागरिकों के हित में समान नागरिक संहिता का समर्थन करें, एक देश-एक कानून को स्थापित करने में सहयोग करें।



# राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा 'काव्योत्सव' का सफल आयोजन




हिंदी भाषा एवं साहित्य के प्रचार-प्रसार के लिए राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा 'काव्योत्सव' कवि-सम्मेलन का आयोजन 18 जून 2023 को चिन्मया हेरिटेज सेंटर में किया गया।

देश के अग्रिम पंक्ति के कवि श्री सर्वेश अस्थाना, श्री बलराम श्रीवास्तव, श्री गोविंद राठी व कवयित्री दीपिका माही ने अपनी सर्वोत्तम रचनाएँ पेश की। काव्य के विविध रसों के सिद्धहस्त, प्रतिष्ठित कवियों ने अपनी रसपूर्ण कविता से श्रोताओं को रसविभोरित किया। काव्य उत्सव का संचालन हास्य व्यंग्य के कलाकार श्री गोविंद राठी ने बड़े ही मनोरंजक रूप से किया। भारी संख्या में उपस्थित श्रोताओं ने कवि सम्मेलन का आनंद लिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में 'रजत' के पदाधिकारीगण, कविगण तथा कवि-सम्मेलन समिति के चेयरमेन, सह-चेयरमेन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया। ईश वंदना के बाद कवियों को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए 'रजत' के अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि कवि लोगों की



चेतना जगाने का काम करता है। उन्होंने उपस्थित महानुभावों का स्वागत किया। कवि सम्मेलन समिति के चेयरमेन श्री रमेश गुप्त नीरद ने कवि सम्मेलनों की आवश्यकता एवं वर्तमान कवि-मंचों की दुर्दशा पर अपने उद्‌बोधन में कहा कि काव्य मंचों पर प्रदर्शित फूहड़ता, लफ्फाजी एवं चुटकुलाबाजी की परम्परा से कविता की गरिमा दूषित हुई है। कवि-सम्मेलन मात्र मनोरंजन नहीं, आत्मरंजन है एवं अपनी संस्कृति, परम्परा और सामाजिक, राष्ट्रीय चेतना को जीवित रखने के लिए आवश्यक है।

श्री नीरद एवं श्री गोविंद मूँदड़ा ने कवियों का परिचय दिया। आगंतुक कविगण का अंग वस्त्रम द्वारा सम्मान किया गया। 'रजत' के महासचिव श्री देवराज आच्छा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु की गतिविधियों की झलक पेश की।

कवि सम्मेलन की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात् कवयित्री दीपिका माही ने 'बन के मीरा पियूं जहर मैं भी, कोई कान्हा-सा मीत हो जाए..' के साथ राजस्थानी भाषा में श्रृंगारिक दोहे सुनाकर वातावरण को कवितामय कर दिया। कवि बलराम श्रीवास्तव ने 'दिनभर की उड़ान से थककर शाम ढ़ले घर आते हैं, काव्यामृत को पीने वाले, पीते हैं, तर जाते हैं/ कभी निराशा अहंकार को द्वार नहीं आने देना, कुंठाओं में जीने वाले जीते जी मर जाते हैं..' सुनाकर

गीत का हसीन माहौल बनाया।

इसके बाद कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे गोविंद राठी ने श्रोताओं को गुदगुदाते हुए कहा कि 'इश्क मोहब्बत प्यार वफा, इससे किसको हुआ नफा, इधर उसकी मांग भरी, उधर अपनी जेब खफा...' सुनाकर पहले तो सभी से ठहाके लगवाए। फिर मौजूदा हालात पर करारा व्यंग्य किया।

अंत में हास्य और व्यंग्य के हस्ताक्षर सर्वेश अस्थाना ने अपने चुटकीले अंदाज में 'पहले आप जैसे लोग अब मिलते नहीं है, इस महक के फूल अब खिलते नहीं है, आप चलकर आ गए हैं शुक्रिया, लोग तो भूकंप में हिलते नहीं हैं..' सुनाकर लोगों को हंसाया और क्यों हमारे दरम्यां ये चुप्पियाँ आबाद हैं, है हवा खामोश भीतर, आँधियाँ आबाद है सुनाकर सम्मेलन का समापन किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के चेयरमेन श्री रमेश गुप्त नीरद, सह-चेयरमेन श्री विजय गोयल, श्री गोविंद मूँदड़ा, सह-मंत्री श्री अजय नाहर व श्री ज्ञानचंद कोठारी तथा आतिथ्य समिति का विशेष योगदान रहा। मंच सज्जा में श्री गोविंद मूँदड़ा का सराहनीय योगदान रहा। सहमंत्री श्री अजय नाहर ने धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। □



# राजस्थानी ओलम्पियाड 2023

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा 'रजत खेलोत्सव' यानि राजस्थानी ओलम्पियाड हेतु विचार-विमर्श के लिए रजत कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज ने स्वागत भाषण दिया एवं स्पोर्ट्स कमेटी चेयरमेन श्री अशोक मूँधड़ा ने ओलम्पियाड की रूपरेखा बताई। चेयरमेन डॉ. निर्मल नाहटा, श्री सुभाष रांका, रजत प्रीमियर लीग क्रिकेट चेयरमेन श्री अरूण डागा व श्री चंद्रकुमार टावरी, चयनित अध्यक्ष श्री प्रवीण टाटिया, सह-सचिव श्री अजय नाहर, श्री राजेश सुराणा, संयुक्त सचिव श्री ज्ञानचंद कोठारी, श्री कमलेश मुणोत, श्री विनोद जैन ने बैठक में सुझाव दिए।

महासचिव श्री देवराज आच्छा ने बताया कि ओलम्पियाड प्रतियोगिता के तहत बैडमिंटन, क्रिकेट, बॉलिंग, एथलेटिक्स समेत विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी जिसमें चेन्नई की सभी राजस्थानी संस्थाएँ भाग ले सकेंगी। हर वर्ग में उम्र के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में प्रतियोगिता होंगी। सभी विजेता टीमों को महावीरचंद रमेश कुमार दर्डा द्वारा ट्रॉफी दी जाएगी। समापन समारोह 27 अगस्त को नेहरू स्टेडियम में होगा। बैठक में स्पोर्ट्स कमेटी के सर्वश्री चंद्रप्रकाश मालपानी, मदन राठी, दौलत बांठिया, राजेश बालेचा, राधेश्याम मूँधड़ा, शांतिलाल कांकरिया, महेन्द्र कुंकलोल, शैलेष सिंघवी भी उपस्थित थे। सह-चेयरमेन श्री अनुराग माहेश्वरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। राजस्थान पत्रिका इस आयोजन में मीडिया पार्टनर है। □

RAJASTHANI ASSOCIATION TAMILNADU

RAJASTHANI OLYMPIAD 2023
RAJAT KHELOTSAV

# RAJAT SMASHERS

## Rules and Regulations

- All the above tournaments shall be in Knock out format
- Feather Shuttles shall be used
- Please carry age proof certificate
- Referee decision shall be final
- **Venue** - DG Vaishnav College, Arumbakkam, Chennai
- Entry only through Association/Club
- Maximum players/teams from each association/club shall be restricted to 2
- Entries will be taken from 15th to 25th June 2023

| Sr.No | Category | Type | Boy / Girl | Age criteria | Date and Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Under 13 | Singles | Boys | Born on or after 1/7/2010 | 9th July - 7:00 AM |
| 2 | Under 13 | Singles | Girls | Born on or after 1/7/2010 | 9th July - 10:30 AM |
| 3 | Under 15 | Singles | Boys | Born on or after 1/7/2008 | 9th July - 04:30 PM |
| 4 | Under 15 | Singles | Girls | Born on or after 1/7/2008 | 9th July - 02:00 PM |
| 5 | Under 17 | Singles | Boys | Born on or after 1/7/2006 | 16th July - 03:00 PM |
| 6 | Under 17 | Singles | Girls | Born on or after 1/7/2006 | 16th July - 01:00 PM |
| 7 | Above 45 | Doubles | Men | Born on or before 30/6/1978 | 16th July - 06:00 PM |
| 8 | 17-45 Years | Singles | Men | Born between 1/7/1978 and 30/6/2006 | 23rd July - 03:00 PM |
| 9 | 17-45 Years | Singles | Women | Born between 1/7/1978 and 30/6/2006 | 23rd July - 01:00 PM |

***Maximum player restriction: 2 per category***

*Disclaimer: The management reserves the right to make changes to the tournament without prior notice*

*For details & participation contact*

**Madan Rathi**
98413 88454

**Kapil Pansari**
99625 52745

studioaakaar.co

TROPHY PARTNER:
MAHAVEEER CHAND
RAMESH KUMAR DARDA

MEDIA PARTNER:
राजस्थान पत्रिका

## राजस्थानी ओलम्पियाड के अंतर्गत

# महिलाओं के लिए बोलिंग खेल संपन्न



राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु द्वारा 18 जून 2023 को एग्मोर स्थित 'डाउन अंडर' में राजस्थानी ओलम्पियाड के अंर्तगत महिलाओं के लिए बोलिंग खेल का आयोजन किया।

रजत के अध्यक्ष श्री मोहनलाल बजाज ने सभी का स्वागत किया। महासचिव श्री देवराज आच्छा ने बताया कि 15 वर्ष से ऊपर की उम्र की युवती-महिला की 26 राजस्थानी टीमों ने इस खेल में भाग लिया। सह-सचिव श्री अजय नाहर ने खेल का संचालन किया। को-ऑर्डिनेटर डॉ. निर्मल नाहटा ने इस खेल के बारे में जानकारी दी।

गणगौर की चेयरपर्सन श्रीमती कांता बिसानी एवं श्रीमती रेखा सिंघवी ने मुख्य अतिथि श्रीमती जया प्रसाद (प्राचार्या, आ.म. तेरापंथ जैन पब्लिक स्कूल, माधावरम) का सम्मान किया। पूर्वाध्यक्ष श्री सुभाषचंद रांका व श्री चंद्रप्रकाश मालपानी ने सभी विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की तथा को-ऑर्डिनेटर श्री कीनीश राठी व संयुक्त सचिव श्री ज्ञानचंद कोठारी ने मेडल पहनाया। सह चेयरमेन श्री अनुराग माहेश्वरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। □

# सुभाष रांका रजत प्रीमियर लीग क्रिकेट कप की हुई शुरुआत

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु के ओलम्पियाड 2023 के तहत 1 जुलाई 2023 को सुभाष रांका रजत प्रीमियर लीग क्रिकेट कप अनावरण समारोह वेपेरी स्थित अग्रवाल विद्यालय के प्रांगण में संपन्न हुआ।

समारोह में क्रिकेट की ट्रॉफी, जर्सी, टोपी आदि का अनावरण किया गया। साथ ही क्रिकेट खेल पर प्रश्न मंच भी आयोजित किया। समारोह में मुख्य अतिथि थे फिल्म कलाकार श्री सतीश जुपिटर।

सुभाष रांका रजत प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच 2, 9 व 16 जुलाई को डी.बी.जैन कॉलेज एवं ए.एम.जैन कॉलेज मैदान में खेले जाएँगे। 23 जुलाई को सेमीफाइनल मैच ए.एम. जैन कॉलेज के मैदान में होगा। 30 जुलाई को फाइनल मैच चेटपेट स्थित यूनिवर्सिटी यूनियन ग्राउंड में आयोजित होगा।




श्री माहेश्वरी स्पोर्ट्स क्लब, श्री अग्रवाल नवयुवक संघ, राजस्थान स्पोर्ट्स क्लब (चेन्नई), माफिया इलेवन, जोधपुर स्पोर्ट्स क्लब, राइसिंग स्टार्स, श्री माहेश्वरी युवा मंडल, नाहर बंधु एसोसिएशन, आर.वाई.ए. कॉस्मो, महावीर क्रिकेट क्लब, मद्रास इलेक्ट्रिक ट्रेड एसोसिएशन, राजेश्वर क्रिकेट क्लब, रॉयल क्रिकेट क्लब, आर.वाई.ए. मेट्रो, जैतारण पट्टी ओसवाल संघ, नम्मा चेन्नई वीरन्स, आर.वाई.ए. कॉस्मो इलाइट, यंगस्टर्स इलेवन, ग्रीन लीग क्रिकेट क्लब, माली क्रिकेट क्लब आदि टीम इस लीग में भाग लेंगे। □

# ओलम्पियाड 2023 के भावी कार्यक्रम

2, 9, 16 एवं 23 जुलाई 2023
**क्रिकेट मैच** - डी.बी. जैन कॉलेज, तोरैपाक्कम

27 अगस्त 2023 - जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम
**विदाई समारोह एवं खेलकूद प्रतियोगिताएँ**

9, 16 एवं 23 जुलाई 2023
**बैडमिंटन** - डी.जी. वैष्णव कॉलेज

# रजत के 2023–24 के भावी कार्यक्रम

16 जुलाई 2023 - राजा अन्नामलै मंड्रम
**छात्रवृत्ति वितरण समारोह**

6 अगस्त 2023 - डी.जी. वैष्णव कॉलेज
**प्रतिभा अभिज्ञान कार्यक्रम**

3 सितम्बर 2023 - डी.जी.वैष्णव कॉलेज
**म्यूजिकल कार ट्रेजर हंट**

28-29 अक्टूबर 2023 - सेंट जार्ज स्कूल ग्राउंड
**राजस्थानी बाजार**

3 दिसम्बर 2023 - राजा अन्नामलै मंड्रम
**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

21 जनवरी 2024 - म्यूजिक अकादमी
**राजस्थान रत्न व राजस्थान श्री समारोह**

राजस्थानी एसोसिएशन तमिलनाडु
एवं
श्री माहेश्वरी स्पोर्ट्स क्लब

द्वारा आयोजित

# G.S. RATHI Musical Car Treasure Hunt



कार द्वारा रोमांचक नगर-मंथन जिसमें आपको हमारी मातृभाषा एवं फिल्मी गीतों में छुपे संकेतों के माध्यम से 25-30 कि.मी. की यात्रा, एक निर्धारित समय में पूरी करनी होगी।

**Start Point**
D.G. Vaishnav College



**End Point**
SPR City

## रविवार, 3 सितम्बर 2023
**प्रातः 7.30 बजे**

**पंजीकरण शुल्क ₹ 1000** (प्रति कार, 4 सदस्य)

**पंजीकरण हेतु अंतिम तिथि : 15 अगस्त 2023**

| 1st Prize | 2nd Prize | 3rd Prize |
|---|---|---|
| ₹15000 | ₹11000 | ₹ 7000 |

& 10 Complementary Cash Prizes

प्रातः अल्पाहार एवं दोपहर का भोजन आयोजित है।

सीमित कारें होंगी, अपना नाम समय पूर्व पंजीकृत करवा लें।

**TREASURE HUNT TEAM**

M P Marda   SK Rathi   RS Mundhra   Raju Rathi   DN Mohta

**RAJAT**
Mohanlal Bajaj, President
Devraj Achha, Scretary

**EVENT**
RS Mundhra, Chairman
SK Rathi, Co-Chairman

**SMSC**
Kishan Jhawar, President
Narendra Bagdi, Secretary

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें :
डीएन मोहता 9841011133   राधेश्याम मूँधड़ा 9381937000

Bank Details : **Rajasthani Association Tamilnadu**
Central Bank of India   A/c No.: 1059350165   IFSC Code : CBIN0280882
OR at RAJAT Office : Golden Complex, 128, N.S.C. Bose Road, Chennai-1.

**G-pay number for ₹1000 - 9080647261**
Send your payment details, Name and Mobile Number too at this Number.

# राजस्थानी विद्यार्थी प्रतिभाओं के सम्मान हेतु
# नामांकन आमंत्रित

तमिलनाडु एवं पुदुचेरी में प्रवासित राजस्थानी विद्यार्थियों की शैक्षणिक, राष्ट्रीय खेलकूद, कला तथा सांस्कृतिक क्षेत्र में प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने हेतु **उदयसिंह कमलसिंह मोहता टेलेंट रिकग्निशन स्कीम** के अंतर्गत प्रायोजक **आशासिंह मोहता चेरिटेबल ट्रस्ट** द्वारा सम्मान-पदक एवं प्रशस्ति-पत्र 6 अगस्त 2023 को एक विशेष समारोह में प्रदान किए जाएँगे।

प्रतिभाओं की पात्रता हेतु निम्न योजनाएँ रखी गई हैं -

**1**. तमिलनाडु व पुदुचेरी के विद्यार्थी जिन्होंने पिछले वर्ष हायर सेकण्ड्री (+2) की परीक्षाओं में (स्टेट बोर्ड व सीबीएसई) 95% या ए+ या उससे अधिक अंक अर्जित किए हो।

**2**. केन्द्रीय सरकार द्वारा किसी विशेष विधान के अंतर्गत गठित शैक्षणिक संस्थान में उत्तीर्ण जैसे - आईएएस, आइपीएस, सीए, सीएमए, सीएस, एमबीबीएस, एमडी, बीडीएस, एमडीएस इत्यादि।

**3**. राष्ट्रीय स्तर के खेल, कला एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त किया हो।

योग्य छात्रों से निवेदन है कि वे अपनी योग्यता विवरण सहित रजत के कार्यालय से संपर्क करें :

GOLDEN COMPLEX, 4th FLOOR,
OLD 128, NEW 220, N.S.C. BOSE ROAD,
CHENNAI - 1. PH : 044-25392438, 45457924
E-mail : rajasthaniassn@gmail.com

**मोहनलाल बजाज**
अध्यक्ष
9840028832

**देवराज आच्छा**
महासचिव
9444265162

**सी.ए. राजेन्द्र कुमार पी.**
चेयरमेन - प्रतिभा सम्मान समिति
9444017087



# चिता में जलती देह

**राजकुमार कोठारी**

चिता में जलती देह
में रही आत्मा की चीत्कार
मिला था जो स्वर्णिम अवसर
व्यर्थ में उसे कर दिया बेकार

जिस राग ने मुझे भरमाया, उसी राग को गले लगाया
जिस द्वेष ने मुझे जलाया, उसे मैंने खूब सहलाया
जिस पुण्य से सब कुछ पाया, मैंने उसे व्यर्थ में गँवाया
जिनेश्वर ने जो मार्ग बताया, उस पर कभी ना चल पाया

मात पिता के उपकारों को, मैंने हमेशा ही भुलाया
मतलबी यारों संग मैंने, रिश्तों का खूब रंग जमाया
वासनाओं के समंदर में, सुखानुभूति कर भ्रम में जिया
जब उखड़ने लगी थी साँसें, अंत निकट देख पछताया

पाया जो स्वर्णिम अवसर, उसका सदुपयोग नहीं कर पाया
शुद्ध धवल आत्म तत्व पर, कर्मों का घृणित कोढ़ चढ़ आया
आने-जाने में भव पूर्ण हुआ, कब मिलेगा यह अवसर दोबारा
मानव जीवन के मक़सद को, कभी नहीं मैं समझ पाया

चीत्कार उठी बेबस आत्मा जब,
चिता में देह को जलता पाया।।



# महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो द्वारा नि:शुल्क जाँच शिविर



## 4 जून 2023

**पुरुषवाक्कम** - 50 लोगो की आँखों की जाँच, 21 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच भी की गई।

**अम्बत्तूर** - 170 लोगों की आँखों की जाँच, 47 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

**पार्क टाउन** - 113 लोगों की आँखों की जाँच, 62 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

## 8 जून 2023

**टोडियपारपेट** - 75 लोगो की आँखों की जाँच, 46 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह जाँच की गई।

## 11 जून 2023

**पाडी** - 65 लोगो की आँखों की जाँच, 35 लोगों की रक्तचाप

व मधुमेह की जाँच की गई।

**ताम्बरम** - 75 लोगों की आँखों की जाँच, 49 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

**पुराना धोबीपेट** - 52 लोगों की आँखों की जाँच व 45 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

### 18 जून 2023

**कोयमबेडू** - महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नार्थ टाउन केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में शिविर लगाया गया जिसमें 112 लोगो की आँखों की जाँच की गई।

### 20 जून 2023

**सैदापेट** - 50 लोगो की आँखों की जाँच, 24 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच गई।

**क्रोमपेट** - 101 लोगों की आँखों की जाँच, 79 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

### 23 जून 2023

**वेलाचेरी** - 44 लोगों की आँखों की जाँच, 26 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

### 28 जून 2023

**चेंगलपेट** - 141 लोगों की आँखों की जाँच, 36 लोगों की रक्तचाप व मधुमेह की जाँच की गई।

### 18 जून 2023 को स्वास्थ्य जाँच शिविर

**पार्क टाउन** - शिविर में 54 लोगों की किडनी, थाइरॉइड, हार्ट, इ.सी.जी., रक्तचाप व मधुमेह, हेमोग्राम, लीवर आदि 90 तरह की जाँच लेब टेक्नीशियन द्वारा की गई।

### महावीर आई व हेल्थकेयर सेंटर, पट्टालम

नेत्र जाँच शिविर में 350 लोगों आँखों की जाँच की गई जिनमें 39 लोगों की आँखों में मोतियाबिंद पाया गया।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर




श्री जैन मेडिकल रिलीफ सोसायटी द्वारा संचालित आंचीबाई हेमराज कटारिया डायलिसिस सेंटर पेरम्बूर में 25 जून 2023 को 'नि:शुल्क चिकित्सा शिविर' का आयोजन किया गया। चिकित्सकों ने इस शिविर में 42 लोगों की सामान्य जाँच, 38 लोगों की मधुमेह व रक्तचाप जाँच, 34 लोगों के दंत जाँच, 76 लोगों के आर्थो जाँच, 95 लोगों की बोन डेन्सीटी तथा 90 लोगों के नेत्र परीक्षण किए गए। □

## रजत के सभी सदस्यों से अनुरोध

रजत के सभी सदस्यों से निवेदन है कि आप अपना व्यक्तिगत विवरण जैसे नाम, स्थायी पता, फोन नंबर, व्हाट्स ऐप नंबर आदि निम्नलिखित मोबाइल नंबर पर पुन: मिलान करवा लें ताकि संस्था के विभिन्न कार्यक्रमों की सूचनाएँ आप तक अनवरत पहुँचती रहे।

**सदस्यता संवर्धन समिति - 884521630**

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



तेरापंथ जैन विद्यालय, साहुकारपेट के प्रांगण में 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' पर एक कार्यक्रम 21 जून 2023 को आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने योग के महत्व पर अपने विचार व्यक्ति किये और योगासनों का सुन्दर प्रदर्शन किया।

मध्यान्ह में कक्षा पहली से दसवीं तक के लगभग 102 विद्यार्थियों ने योग के विभिन्न आसनों का सफल व सुन्दर प्रदर्शन किया। सर्वश्रेष्ठ योग प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गए। □

---

# प्राणायम योग

प्राणायम विधि की जानकारी देते बाबा रामदेव का यह वीडियो देखने के लिए ▶ पर क्लिक करें



# श्री माहेश्वरी सभा द्वारा
# 'महेश नवमी' का सफल आयोजन



श्री माहेश्वरी सभा, चेन्नई के तत्वावधान में माहेश्वरी समाज के वंशोत्पत्ति दिवस (महेश नवमी) को माहेश्वरी भवन में 29 मई 2023 को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महेश की पूजा-अर्चना से हुई। मंत्रोच्चार सहित रुद्राभिषेक किया गया।

सभाध्यक्ष श्री अशोक जे. मूंधड़ा ने आगंतुकों का स्वागत किया एवं महेश नवमी की विशेषता को उल्लेखित किया। माहेश्वरी समाज के बच्चों ने भगवान शिव के श्रृंगार की प्रस्तुति नृत्य नाटिका द्वारा की जिसने सभी का मन मोह लिया। श्री माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई जिससे श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए।

महेश नवमी के अवसर पर समाज बंधुओं के लिए अपोलो अस्पताल में मास्टर हेल्थ चेकअप का आयोजन किया गया। स्वस्थ समाज-सशक्त समाज के उद्देश्य से यह स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। समाज के लगभग 144 सदस्यों ने इसका लाभ लिया। ☐

# मासिक धर्म स्वास्थ्य पर कार्यशाला



छात्राओं के लिए 'मासिक धर्म स्वास्थ्य' पर एक कार्यशाला का आयोजन मिंट स्ट्रीट स्थित गणेशीबाई गेलेडा गर्ल्स हायर सेकंड्री स्कूल में किया गया। विशेषज्ञ श्रीमती नीलम सारडा ने छात्राओं से मासिक धर्म स्वास्थ्य और संबंधित विभिन्न उत्पादों के बारे में खुलकर चर्चा की, उनकी समस्याओं को सुना और निदान भी बताया। □

# आदिनाथ जैन ट्रस्ट द्वारा सेवा कैम्प



आदिनाथ जैन ट्रस्ट, चूले, चेन्नई के तत्वावधान में आदिनाथ जैन सेवा केन्द्र में विशाल सेवा कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें 450 जरूरतमंदों को ट्राइ साइकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, कृत्रिम पैर, वॉकर, आदि वितरित किए गए। □




## पत्रिका प्रकाशन के सहयोगार्थ

# विज्ञापन आमंत्रित हैं

**दक्षिण राजस्थानी पोस्ट का हर अंक लगभग 5000 पाठकों को प्रति माह भेजा जा रहा है। अपनी संस्था, व्यवसाय के विज्ञापन देकर लाभ उठाएँ व सहयोग दें।**

---

## पूरे पृष्ठ का विज्ञापन शुल्क ₹5000 प्रति अंक

---

संपर्क करें :

**चंद्रप्रकाश मालपानी**
चेयरमेन DRP
98408 38035

**देवराज आच्छा**
महामंत्री - रजत
94442 65162